आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 21.02.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- देहरादून में विधानसभा सत्र के आज चौथे दिन सत्ता और विपक्ष के बीच सवाल और जवाब का दौर जारी।
- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई, पुलिस महानिरीक्षक, यातायात से सुझाव मांगे।
- हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

बजट चर्चा

देहरादून में विधानसभा सत्र के चौथे दिन आज सत्ता और विपक्ष के बीच सवाल और जवाब का दौर जारी है। एक सवाल के जवाब में कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि राज्य में 8 लाख बेरोजगार पंजीकृत हैं और रोजगार सृजन के लिय 56 रोजगार मेले हो चुके हैं। वहीं, कृषि से जुड़े एक सवाल पर सरकार ने सदन में बताया कि पिछले तीन साल में प्रदेश में पांच हजार आठ सौ तेरह पॉली हाउस लगाए गए हैं। भाजपा विधायक ने हरिद्वार में बाहरी लोगों के निवास पर सवाल उठाया, जिस पर सरकार ने सत्यापन अभियान जारी होने की बात कही। सदन में बताया गया कि दो संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक भी पकड़े गए हैं।

बजट प्रावधान

प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में राज्य के समग्र विकास को प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और अनावश्यक ऋण भार से बचने पर जोर दिया है। बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि, महिला कल्याण और युवाओं के विकास को विशेष महत्व दिया गया है। सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। जल संसाधनों को मजबूत करने के लिए जमरानी, सौंग और लखवाड़ बांध परियोजनाओं के लिए धनराशि निर्धारित की गई है। औद्योगिक और स्टार्टअप क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई, मेगा इंडस्ट्री नीति और स्टार्टअप उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओं के लिए बजट आवंटित किया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में आईटीआई के उन्नयन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों और छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। खेलों और युवाओं के प्रोत्साहन के लिए भी विशेष बजट रखा गया है। महिला कल्याण योजनाओं में नंदा गौरा योजना, महिला पोषण योजनाएं और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी कई योजनाएं शामिल की गई हैं। अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों और अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में आधारभूत विकास कार्यों के लिए भी बजट आवंटित किया गया है।

कृषि और पशुपालन क्षेत्र में किसानों के लिए मिशन एप्पल योजना, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन योजना और मत्स्य संपदा योजना के तहत धनराशि निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण बजट रखा गया है।

इसके अलावा, समान नागरिक संहिता– यूसीसी के लिए 30 करोड़ रुपये, परिवार पहचान पत्र योजना के लिए 10 दशमलव 2–8 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए 60 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन, पलायन रोकथाम योजना और गौ सदनों के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किया गया है।

बजट प्रतिक्रिया

उत्तराखंड विधानसभा में पेश बजट को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा इसे समावेशी और विकासोन्मुखी बता रही है, जबकि कांग्रेस ने इसे आंकड़ों की बाजीगरी करार दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बजट को आत्मनिर्भरता, नवाचार और समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह राज्य के विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने दावा किया कि समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बजट में पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने इस बजट को झूठ का पुलिंदा करार देते हुए कहा कि यह सिर्फ पुरानी योजनाओं को नए नाम से पेश करने की कवायद है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में मूलभूत जरूरतों को दरकिनार किया गया है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इसे किसानों, गरीबों और युवाओं के लिए उपयोगी बताया, जबकि खेल मंत्री रेखा आर्या ने स्टार्टअप्स के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों की सराहना की। शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य और सहकारिता के क्षेत्र में सुधार लाने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले बजट की तुलना में इस बार 13 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जिससे प्रदेश के विकास कार्यों को और मजबूती मिलेगी।

बोर्ड परीक्षा

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए राज्य के सभी परीक्षा केंद्रों और उनकी 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। परीक्षार्थियों को केंद्र में पाठ्य सामग्री और किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी सार्वजनिक सभा, जुलूस या पांच से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक रहेगी। इसके अलावा, फोटोस्टेट मशीन, ध्वनि विस्तारक यंत्र, डीजे और फैक्स के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश परीक्षा समाप्ति तक प्रभावी रहेगा, और इसका उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस महानिरीक्षक, यातायात, अरुण मोहन जोशी से समाधान के विस्तृत सुझाव मांगे हैं। न्यायालय ने छह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और इस संबंध में अगली सुनवाई के लिए 7 अप्रैल की तारीख तय की है।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान पुलिस महानिरीक्षक, यातायात, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उन्होंने बताया कि ओवर स्पीड के कारण कई दुर्घटनांए हुई हैं और इसे रोकने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके लिये कई स्थानों पर सीसीटीवी और स्पीड सेंसर लगाए गए हैं, लेकिन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और अधिक उपायों की जरूरत है।

## हेमकुंड साहिब यात्रा

चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे और यात्रा 10 अक्टूबर तक चलेगी। प्रदेश सरकार और गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा की बैठक में यह तिथि तय की गई। बैठक के दौरान यात्रा मार्ग पर सुरक्षा और सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारियों की योजना बनाई गई।

## ग्रीन स्पेस

स्वच्छ और सुंदर दून की परिकल्पना को साकार करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए देहरादून नगर निगम ने ग्रीन स्पेस अभियान की शुरुआत की है। इस पहल के तहत, शहर भर में हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने बताया कि शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए ग्रीन स्पेस को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर खाली पड़ी जगहों में पौधारोपण अभियान चलाने के साथ–साथ वर्टिकल गार्डन की स्थापना पर भी काम किया जाएगा, जिससे शहरी हरियाली को बढ़ावा मिले।

## वनाग्नि संवाद

फायर सीजन की तैयारी के संबंध में चम्पावत जिले के प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फायर सीजन के दौरान जंगलो में बढ़ती आग की घटनाओं की रोकथाम व निवारण, प्रेस की भूमिका और विभाग के समन्वय के साथ ही स्थानीय लोगों की सहभागिता पर विचार–विमर्श किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी नवीन चन्द्र पंत ने बताया कि वनाग्नि के दृष्टिगत विभाग ने सभी तैयारी पूरी ली हैं।

## इंटर कॉलेज भवन

रुद्रप्रयाग जिले में राजकीय इंटर कॉलेज खांकरा का दो मंजिला नया भवन बनकर तैयार हो गया है। रेलवे विकास निगम ने 1 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से इस भवन का निर्माण किया है। रंग–रोगन और अन्य कुछ कार्यों के पूरा होते ही नये शिक्षण सत्र से यहां कक्षाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। अभी तक विद्यालय, हाईस्कूल स्तरीय भवन पर संचालित किया जा रहा है। इस भवन के बनने से यहां शिक्षण और शिक्षणेत्तर गतिविधियों का संचालन बेहतर हो सकेगा। साथ ही आगामी समय में छात्र संख्या में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के बाद विद्यालय के लिए जरूरी संसाधन जुटाए जाएंगे। आगामी शिक्षण सत्र से नये भवन में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

## जीवन रक्षक प्रशिक्षण

केंद्र सरकार ने अचानक दिल का दौरा पड़ने से बढ़ती मौतों को रोकने के लिए 9वीं कक्षा से प्रारंभिक जीवन रक्षक प्रशिक्षण शामिल करने का निर्णय लिया है। पंजाब से राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने पिछले वर्ष संसद में यह मुद्दा उठाते हुए कहा था लोगों को बुनियादी जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण देना जरुरी है।